## खबर संक्षेप

### शहडोल में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री राधा अष्टमी महोत्सव

**शहडोल।** श्री राधा रानी के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में शहर में श्री राधा अष्टमी महोत्सव 2025 का आयोजन 31 अगस्त, रविवार को किया जाएगा। यह आयोजन न्यू अट्रैक्शन, मोती महल के पास होगा, जहाँ भक्तजन सपरिवार सम्मिलित होकर राधा नाम के भक्ति रसामृत में सराबोर होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा और हरि इच्छा तक चलेगा। महोत्सव में भजन-कीर्तन, सत्संग और प्रसाद वितरण का आयोजन रहेगा। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत और भक्त साहित्य में राधा रानी की महिमा का वर्णन विशेष रूप से मिलता है। मान्यता है कि जहां राधा हैं, वहां श्यामसुंदर हैं, और जहाँ राधा नाम का उच्चारण होता है, वहां शांति और आनंद का वास होता है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु राधा नाम एवं प्रसाद महोत्सव का आनंद लेंगे। आयोजन समिति ने भक्तों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित शामिल होकर इस पावन अवसर को सफल बनाएं। पूरे क्षेत्र में इस महोत्सव को लेकर भक्तिमय वातावरण बन गया है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में इसमें भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने संकल्प पत्र का किया विमोचन



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमान के तहत संकल्प पत्र का विमोचन किया। 1 सितम्बर को जिले के समस्त विद्यालयो में पॉच संकल्प दिलाए जाएंगे। हम सब मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित तथा प्रेरणास्पद बनाएगें। हम विद्यालय के संपदा-संसाधन तथा समय को राष्ट्रधन मानते हुए उनका संरक्षण और विवेक-पूर्वक उपयोग करेंगे,हम विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाएंगे, जहाँ कोई भेदभाव नहीं होगा। हम सभी समभाव से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रहेंगे, हम शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं; अपितु चरित्र-निर्माण, आत्मविकास और समाज-सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे, हम इस विद्यालय को केवल एक संस्था नहीं; अपितु संस्कार, सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहेंगें के संकल्प शामिल है।

### पुलिस ने की 35 लीटर अवैध शराब जब्त

**शहडोल।** जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के दौरान सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करें। 27 अगस्त 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई। पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई में कुल 06 स्थानों पर दबिश दी गई, जहां से 35 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। बताया गया कि यह शराब बिक्री करने के उद्देश्य से तैयार की गई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 3,500 आंकी है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की यह कार्रवाई अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है, जिससे समाज में नशा और अपराध को रोकने में मदद मिलेगी।

# शहडोल में रजिस्ट्री का काला खेलः दलालों की जेब भरी, काश्तकार हुए खाली हाथ



विक्रेता



क्रेता



बिचौलिये



बिचौलिये



बिचौलिये



रजिस्ट्रार



**दलालों ने 60-70 लाख कैश हड़पा, काश्तकारों को एक रुपया भी नहीं**

**रजिस्ट्रार की भूमिका संदिग्ध, सेवानिवृत्ति से पहले विवादित रजिस्ट्रियां निपटाईं**

**प्रशासन मौन, लाखों के राजस्व की चोरी और काश्तकार दर-दर भटक रहे**

जिले में जमीन के सौदों ने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा छू ली है। बुढ़ार और सोहागपुर तहसीलों में भूमाफियाओं और दलालों ने काश्तकारों से जमीन लेकर उसे चार गुना अधिक कीमत पर बेचा। इस गोरखधंधे में तत्कालीन रजिस्ट्रार की सीधी मिलीभगत सामने आई है। काश्तकारों को न तो भुगतान हुआ और न ही न्याय। लाखों का राजस्व भी हजम कर लिया गया और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।

शहडोल।

जिले में भूमि लेन-देन के मामलों में सामने आया ताज़ा प्रकरण सिर्फ एक धोखाधड़ी नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से चल रहा जमीन माफिया नेटवर्क है। बुढ़ार तहसील के पकरिया और सोहागपुर तहसील के कंचनपुर क्षेत्र की जमीनों पर हुए सौदों में यह साफ देखा जा सकता है कि कैसे दलालों और रजिस्ट्री कार्यालय की मिलीभगत से काश्तकारों को ठगा गया। दस्तावेज़ों से यह साफ होता है कि शिवकुमार पटेल और उसके साथियों ने जिन काश्तकारों की जमीन खरीदी, उसका वास्तविक एग्रीमेंट महज 15-20 लाख रुपये के बीच में कराया गया, लेकिन बाद में उन्हीं भूखंडों का सौदा दलालों ने चार गुना अधिक कीमत यानी लगभग 60 से 70 लाख रुपए में कर दिया। इतना ही नहीं, यह सारा पैसा नगद लिया गया और हैप्पी बर्थडे पैक की तरह नोटों की गड्डियां सौंपकर हजम कर लिया गया। काश्तकारों का आरोप है कि उन्हें एक रुपया तक नहीं दिया गया और उनके नाम पर फर्जी एग्रीमेंट दिखाकर सीधे रजिस्ट्री कर दी गई।

### रजिस्ट्रार की संदिग्ध भूमिका

मामले की सबसे बड़ी कड़ी स्थानीय रजिस्ट्रार का रवैया है। आरोप है कि सेवानिवृत्ति से ठीक पहले उन्होंने विवादित और आपत्तिजनक रजिस्ट्रियों को प्राथमिकता देकर निपटाया। इसके बाद अपने बचे हुए कार्यकाल में अवकाश ले लिया। पीड़ितों का कहना है कि यह पूरा खेल पहले से तय था और जिन दलालों का नाम रजिसट्रियों में दर्ज है, वे खुलेआम रजिस्ट्रार कार्यालय में सक्रिय रहते थे। इसी दौरान न केवल शेष रकम की अदायगी रोकी गई बल्कि लाखों का राजस्व भी गबन किया गया। यानी जमीन के वास्तविक मूल्य को कम दर्शाकर रजिस्ट्री की गई ताकि स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क सरकार को न मिले।



### दलालों का नेटवर्क और काश्तकारों की पीड़ा

दलालों ने बुढ़ार और सोहागपुर क्षेत्र में जमीन के काश्तकारों को विश्वास में लेकर पहले एग्रीमेंट किया। कई मामलों में तो एक ही जमीन को अलग-अलग लोगों से अलग-अलग तारीखों पर एग्रीमेंट कर दिया गया। फिर जब काश्तकार भुगतान की मांग करते तो, उन्हें धमकी दी जाती कि एग्रीमेंट की जगह रजिस्ट्री करा ली गई है, अब तुम्हारा पैसा नहीं मिलेगा। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जब उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालय में विरोध किया तो उन्हें यह कहकर चुप करा दिया गया कि सब कुछ कानूनी तौर पर सही है।

### जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल

इस पूरे घोटाले का सबसे शर्मनाक पहलू जिला प्रशासन की चुप्पी है। कई बार संयुक्त कलेक्टर कार्यालय और बुढ़ार थाना दोनों को लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। यह भी आरोप है कि बुढ़ार के कुछ प्रभावशाली लोगों ने भी लिखापढ़ी में इन सौदों का समर्थन किया। अब सवाल उठता है कि जब रजिस्ट्री के मूल्यों और एग्रीमेंट्स में इतना बड़ा अंतर था और एक ही जमीन की कई बार रजिस्ट्री हुई, तो प्रशासन ने क्यों जांच नहीं कराई? क्या भूमाफियाओं और अधिकारियों की मिलीभगत इतनी गहरी है कि गरीब किसानों की कोई सुनवाई ही नहीं होगी।

### पीड़ितों की मांग और कानून का तकाजा

काश्तकारों ने साफ कहा है कि उन्हें उनकी जमीन का वास्तविक मूल्य दिलाया जाए और दोषी दलालों व रजिस्ट्रार के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। इसके अलावा, जितने सौदों में राजस्व की चोरी हुई है, उसकी भरपाई भी दोषियों से कराई जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला सिर्फ धोखाधड़ी का नहीं बल्कि 420, आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत दर्ज होना चाहिए। क्योंकि इसमें सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने और निजी हित साधने का आरोप स्पष्ट है। यह मामला जिले के लिए अग्नि परीक्षा जैसा है। अगर इस बार भी प्रशासन आंख मूंदकर बैठा रहा तो यह साफ हो जाएगा कि शहडोल में भूमाफिया और भ्रष्ट अफसरों की जुगलबंदी ही असली शासन चला रही है।



## समाज में पुलिस की भूमिका पर पीएम श्री नवोदय विद्यालय में बच्चों से संवाद

**ब्यौहारी।** समाज में पुलिस की भूमिका और उसकी जिम्मेदारियों को लेकर बच्चों के साथ संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव के प्रेरणा से आज थाना प्रभारी अरुण पांडे के द्वारा पीएम श्री नवोदय विद्यालय ब्यौहारी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया और बताया कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सुरक्षा और सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत बच्चियों के लिए विशेष रूप से छेड़छाड़ और अपराध से बचाव को लेकर जानकारी दी गई। इस कड़ी में पुलिस अधीक्षक की प्रेरणा से थाना प्रभारी अरुण पांडे ने छात्राओं को एक विशेष क्यूआर कोड प्रदान किया। इस क्यूआर कोड के माध्यम से छात्राएं किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क कर सकती हैं और आवश्यक मदद प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आत्मविश्वास और जागरूकता ही किसी भी कठिन परिस्थिति में सबसे बड़ा हथियार है।पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बच्चों से संवाद करते हुए थाना प्रभारी अरुण पांडे ने नशा मुक्ति, साइबर क्राइम और यातायात नियमों जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को समझाया कि आधुनिक समय में सोशल मीडिया और इंटरनेट का गलत इस्तेमाल अपराध को बढ़ावा देता है, इसलिए डिजिटल माध्यमों का प्रयोग सावधानी और जिम्मेदारी से करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रम न केवल बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाते हैं, बल्कि समाज और पुलिस के बीच भरोसे का सेतु भी तैयार करते हैं। विद्यालय के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्राओं को पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए क्यूआर कोड का प्रयोग करने की विधि समझाई। बच्चों ने पुलिस अधिकारियों से अनेक सवाल भी पूछे, जिनका उत्तर उन्होंने सरल और स्पष्ट शब्दों में दिया। छात्राओं ने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें काफी हिम्मत और आत्मविश्वास मिला है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा, जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता की भावना जगाना था, जिसमें पुलिस और समाज के बीच सहयोग की अहमियत को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

# ब्यौहारी एसडीएम कार्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा

## भू-माफिया और वसूली से जुड़ी अहम फाइलें रहस्यमयी ढंग से लापता

**राजस्व विभाग में फाइल गायब करने का खेल, जवाबदेही से भाग रहे अफसर**

शहडोल।

जिले ब्यौहारी राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली और बाबुओं की मनमानी का जीता-जागता उदाहरण इन दिनों ब्यौहारी एसडीएम कार्यालय से सामने आया है। यहां करोड़ों की सरकारी बसूली और जमीन की खरीद-फरोख्त रोकने से जुड़ी फाइलें रहस्यमयी ढंग से गायब हो गई हैं। इस गुमशुदगी ने न केवल पूरे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि इस बात को भी हवा दे दी है कि बाबू और भू-माफियाओं की मिलीभगत से ही यह खेल खेला जा रहा है।

### प्लॉटिंग रोकने का आदेश भी गुम

तहसील ब्यौहारी के ग्राम मुदरिया की आराजी खसरा नंबर 4/1/2/1 अविनाश शुक्ला के नाम दर्ज है। यह जमीन तहसील कार्यालय के ठीक सामने स्थित है और यहां अवैध प्लॉटिंग का खेल लंबे समय से चल रहा था। इस मामले की शिकायत 12 अगस्त 2021 को सीएम हेल्पलाइन में की गई थी। तत्कालीन एसडीएम प्रियांसी भंवर ने जांच कराई और 01 अक्टूबर 2021 को आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक लगा दी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि वही फाइल अब एसडीएम कार्यालय से गायब हो चुकी है। सवाल उठता है कि जिस आदेश की प्रति आज भी रिकार्ड में मौजूद होनी चाहिए, वह अचानक कहां गायब हो गई? आखिर किसके इशारे पर बाबुओं ने इसे ठिकाने लगाया?

### सूचना अधिकार से भी टरकाया गया आवेदक

यहीं नहीं, जब आवेदक ने सूचना अधिकार के तहत उक्त आदेश की प्रति मांगी तो कार्यालय ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। एक माह तक जानकारी नहीं दी गई। बाद में एसडीएम नरेंद्र सिंह धुर्वे ने बाबू वीर सिंह को आदेश दिया कि संबंधित पत्र ढूंढा जाए, लेकिन बाबू का जवाब था, फाइल नहीं मिल रही। इससे बड़ा सवाल और क्या होगा कि एसडीएम के आदेश पर भी बाबू फाइल ढूंढने से इंकार कर दें। यह स्पष्ट संकेत है कि पूरा मामला दबाने की साजिश के तहत फाइल को ही ठिकाने लगाया गया है।

### वसूली की फाइल भी गायब

सिर्फ जमीन की प्लॉटिंग रोकने का आदेश ही नहीं, बल्कि करोड़ों की खनिज वसूली से जुड़ी फाइल भी एसडीएम कार्यालय से लापता हो गई है। ग्राम भन्नी में अवैध खनिज उत्खनन के मामले में वर्ष 2013 में कुल 11,05,000 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया था। इस संबंध में कलेक्टर शहडोल और एसडीएम ब्यौहारी ने आदेश जारी कर दोषियों से राशि वसूलने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी 7-8 साल तक मामला लटका रहा और अब तो संबंधित फाइल ही कार्यालय से गायब कर दी गई है। तहसीलदार ब्यौहारी ने 2021 में राजस्व प्रकरण के तहत नोटिस भी जारी किए थे, लेकिन दोषियों ने अदालत और उच्चाधिकारियों में मामले के प्रचलित होने का बहाना बनाकर भुगतान टाल दिया। अब जबकि पीड़ित ने इसकी नकल निकालने के लिए आवेदन दिया, तो कार्यालय ने यह कहते हुए आवेदन लौटा दिया कि प्रकरण हमारे न्यायालय से संबंधित ही नहीं है। सवाल यह है कि यदि मामला न्यायालय से संबंधित नहीं था तो इतने वर्षों तक वसूली की फाइल कहां रही और आखिरकार अब कहां गायब हो गई?



### बाबुओं की मनमानी या राजनीतिक दबाव

ऐसा नहीं है कि यह कोई सामान्य फाइल है, 11 लाख से अधिक की वसूली और जमीन की प्लॉटिंग पर रोक के आदेश से जुड़े दस्तावेज कार्यालय से लापता होना अपने आप में इस बात की पुष्टि करता है कि मामला बेहद गंभीर है। क्या ये फाइलें जानबूझकर गायब की गईं ताकि दोषियों को बचाया जा सके? या फिर इसके पीछे किसी राजनीतिक संरक्षण की भूमिका है? क्योंकि बिना बड़े अधिकारियों की शह के बाबू इतने बड़े दस्तावेज गायब करने का साहस नहीं कर सकते।

### प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रहा संदेह

सबसे हैरानी की बात यह है कि इन दोनों मामलों में न तो जिला प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्यवाही हो रही है। शिकायतें करने के बावजूद पीड़ितों को केवल टालमटोल का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि अब सवाल उठने लगे हैं कि ब्यौहारी एसडीएम कार्यालय आखिर बाबुओं की निजी जागीर बनकर क्यों रह गया है? जहां करोड़ों की फाइलें तक गायब हो सकती हैं और अधिकारियों को कानों-कान खबर तक नहीं होती।

### तय होनी चाहिए जवाबदेही

गांव-गांव में चर्चाएं गर्म हैं कि आखिर इन गुमशुदा फाइलों का सच क्या है। यदि वसूली की राशि वसूल नहीं हुई तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? और यदि राशि वसूल हो चुकी है तो दस्तावेज छुपाने की क्या मजबूरी है? यही हाल प्लॉटिंग रोकने वाले आदेश का है—यदि आदेश वास्तव में लागू था, तो फाइल क्यों गायब की गई? और यदि आदेश को दबा दिया गया तो क्या इसका सीधा लाभ भू-माफिया को नहीं मिला? ब्यौहारी एसडीएम कार्यालय से लगातार महत्वपूर्ण फाइलों का गायब होना केवल विभाग की लापरवाही नहीं, बल्कि संगठित भ्रष्टाचार का साफ संकेत है। यह समय है जब जिला प्रशासन और कलेक्टर को खुद हस्तक्षेप कर दोषियों की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।

# शहडोल में संगीतमय शामः 31 अगस्त को होगा विशेष आयोजन

**शहडोल।** शहर में संगीत प्रेमियों के लिए 31 अगस्त 2025, रविवार की शाम खास होने जा रही है। तुमको न भूल पाएंगे, सौ बरस में एक शीर्षक से एक संगीतमय संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लेंगे। आयोजन समिति में डॉ. क्रिस्टी अब्राहम, ओंकार बर्मन और श्रीमती उमा मधुकर शामिल हैं, जिन्होंने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। यह कार्यक्रम केवल एक संगीत संध्या ही नहीं, बल्कि आगामी सितंबर माह में मानस भवन में होने वाले विशाल संगीत समारोह की तैयारी का हिस्सा भी है। आयोजन समिति ने बताया कि रविवार को होने वाले इस कार्यक्रम में जो प्रतिभागी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, उन्हें सितंबर में होने वाले बड़े आयोजन में भी प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। उस विशाल कार्यक्रम में प्रदेश के नामी कलाकारों के शामिल होने की संभावना है। इस आयोजन में साऊथ इंडियन कैफे, झंकार म्यूजिकल ग्रुप, साई सेवा समिति, नीलम वेलफेयर सोसायटी, प्रेस क्लब शहडोल और सहजभाव मंच का सहयोग प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम का स्थल श्रेया प्लाजा, बुढ़ार रोड, शहडोल तय किया गया है। यह आयोजन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में झंकार म्यूजिकल ग्रुप ऑर्केस्ट्रा द्वारा विभिन्न फिल्मी और भक्ति गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने और शहर की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का प्रयास है। आयोजन समिति के सदस्यों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस संगीतमय शाम को यादगार बनाएं और कलाकारों का उत्साह बढ़ाएं। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का अवसर देगा, बल्कि आने वाले विशाल संगीत समारोह के लिए भी ऊर्जा और प्रेरणा का काम करेगा।

**कार्यालय नगर परिषद बरगवा, अमलाई जिला - अनूपपुर**

क्रं./1009/25-26   **// निविदा सूचना //**   दिनांक - 28/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2025/B /6543656 28/08/2025 | Madular Car/ Vehicle Parking Shed (Q3) | 1. कार्य की समयावधि- 30 days 2- कार्यलागत (अनुमानित ) 17.71 Lacks | 1.निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं Rs... 2. EMD Rs- 17714.00 | 27/09/2025 at 04.00 pm |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.gem.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपरिषद् बरगवां (अमलाई)
जिला- अनूपपुर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 21 सितंबर से 25 सितंबर तक

**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम ने बताया कि शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह के संयोजन में सांसद खेल महोत्सव आओ खेलें देश को आगे बढ़ाएं थीम पर यह आयोजन आयोजन 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक किया जा रहा है जिसका रजिस्ट्रेशन आनलाइन व ऑफलाइन खेल और युवा कल्याण कार्यालय उमरिया से किया जा सकता है। जिसमें पारंपरिक खेलों के अलावा ओलंपिक खेलों का आयोजन भी किया जायेगा और नगद इनाम व ट्राफी प्रदान की जायेगी। इसका विधिवत उद्घाटन अनुपपुर / उमरिया से तथा समापन शहडोल में होना प्रस्तावित है।

### उपखंड स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति गठित

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ कमलेश नीरज की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण नियम अंतर्गत उपखंड स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति का गठन किया गया है। समिति में उप पुलिस अधीक्षक ,सीईओ जनपद पंचायत करकेली, तहसीलदार बांधवगढ, सदस्य जनपद पंचायत करकेली नरवार 29 राजू बैगा, महावीर सिंह महरा बसाड़ी , राजाराम बैगा निवासी लोढा, हरीदीन चौधरी निवासी खलेसर, एड.संदीप शर्मा,एड.शेख मुख्तार सदस्य शामिल है।

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आज होगा समापन

#### साइकिल रैली का होगा आयोजन

**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम ने बताया कि मेजर ध्यान चंद जी के जन्म दिवस से प्रारंभ हुई खेल प्रतियोगिता का समापन आज 31 अगस्त को होगा । इस अवसर पर प्रातः 7.30 बजे अमर शहीद स्टेडियम से साईकल रैली का आयोजन किया गया है जिसमें नगर के सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

### एकत्र होकर संगठन को मजबूत बनाने दिया संदेश

**विजयराघवगढ़।** कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष सौरव सिंह के प्रथम आगमन पर समस्त कांग्रेस जन नवीन बस स्टैंड के पास एकत्र होकर अगवानी कर नगर भ्रमण करते हुए प्राचीन किला में ब्रह्मदेव के दर्शन किए कार्यक्रम स्थल स्थानीय रेस्ट हाउस में पहुंचकर स्वागत सम्मान किया गया। श्री सिंह ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने को ज्यादा कुछ नहीं करना केवल ईट से ईट जोड़ना है दीवाल अपने आप तैयार हो जाएगी। समस्त कार्यकर्ताओं को बिना किसी द्वेष भाव के एकत्र होकर संगठन को मजबूत बनाना है। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गणेश राव, शैलेंद्र शुक्ला, नीरज सिंह बघेल, जिला पंचायत सदस्य प्रेमलाल केवट, जनपद पंचायत सदस्य रावेंद्र छोटू सिंह, आदि की उपस्थिति रही।

## हिडवाह सचिव मंगलेश्वर सिंह का मेडिकल घोटाला

# जनपद प्रशासन की मिलीभगत से ठप्प पड़ा दो-दो पंचायतों का विकास


**शहडोल।** यह मामला किसी एक पंचायत सचिव की लापरवाही भर नहीं, बल्कि पूरे जनपद प्रशासन की नाकामी और मिलीभगत का जीवंत उदाहरण है। जिला पंचायत शहडोल से 17 जून 2025 को जारी स्थानांतरण आदेश में स्पष्ट निर्देश थे कि स्थानांतरित सचिव तत्काल पुराने पद से मुक्त होकर नई पंचायत में कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसी सूची में शामिल हिडवाह पंचायत सचिव मंगलेश्वर सिंह की पदस्थापना टिहकी पंचायत में हुई, लेकिन आदेश लागू हुए ढाई महीने से अधिक समय बीत चुका है और आज भी न तो उन्होंने नया कार्यभार ग्रहण किया, न ही पुराने पद से दूरी बनाई।


### मेडिकल का हथियार

तबादला होते ही मंगलेश्वर सिंह ने मेडिकल अवकाश ले लिया, लेकिन इस मेडिकल का सच उसी वक्त खुल गया जब वे तत्कालीन एसडीओ अशोक मरावी के विदाई समारोह में मंच संचालन करते नजर आए। इतना ही नहीं, तिरंगा यात्रा में भी वे पूरी तरह सक्रिय दिखे। सवाल यह है कि जब सचिव मंच पर घंटों खड़े होकर संचालन कर सकते हैं, जुलूस में शामिल होकर नारे लगा सकते हैं, तो नई पंचायत का कार्यभार क्यों नहीं संभाल सकते? यह साफ तौर पर मेडिकल प्रमाणपत्र का दुरुपयोग है और इसमें जनपद प्रशासन की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

### दो पंचायतों की जनता भुगत रही सजा

हिडवाह पंचायत जहां से उनका स्थानांतरण किया गया, आज सचिव विहीन है। वहीं टिहकी पंचायत,





जहां उनकी पदस्थापना हुई है, वहां भी सचिव का कार्यभार ग्रहण न करने से योजनाएं ठप्प हैं। दो-दो पंचायतों के विकास कार्य सिर्फ इसलिए बंद पड़े हैं क्योंकि एक सचिव का मोह हिडवाह से छूट नहीं रहा और प्रशासन उन्हें खुली छूट दे रहा है। क्या ग्रामीणों का विकास सचिवों की मनमर्जी और प्रशासनिक अधिकारियों की कृपा पर निर्भर रहेगा?

### नियमों को ताक पर रखकर खेल

स्थानांतरण आदेश में साफ उल्लेख है कि मेडिकल अवकाश केवल नवीन पदस्थापना वाली पंचायत से ही स्वीकृत होगा, लेकिन यहां नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सचिव को हिडवाह से मेडिकल मान्य कर दिया गया। यह सीधे-सीधे भ्रष्टाचार और मिलीभगत का खेल है। जनपद के जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं और सचिव मनमानी कर रहे हैं।

### डॉक्टरों की भूमिका भी संदिग्ध

मंगलेश्वर सिंह का मेडिकल प्रमाणपत्र भी संदेह के घेरे में है। जब व्यक्ति मंच संचालन कर सकता है, यात्रा में शामिल हो सकता है, तो गंभीर बीमारी का दावा महज मजाक लगता है। सवाल उठता है कि आखिर डॉक्टरों ने किस दबाव या किस लालच में उन्हें मेडिकल प्रमाणपत्र जारी कर दिया? यह केवल एक सचिव का मामला नहीं, बल्कि चिकित्सा व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल है कि क्या सरकारी कर्मचारी चाहें तो मेडिकल बनवाकर नियमों से बच सकते हैं?




### जनपद प्रशासन की चुप्पी

सबसे बड़ी हैरानी इस बात पर है कि जनपद पंचायत जयसिंहनगर के अधिकारी इस पूरे मामले पर मौन साधे बैठे हैं। सचिव न नया कार्यभार ले रहा है, न पुराना छोड़ रहा है, दो पंचायतें ठप्प हैं, मेडिकल अवकाश का दुरुपयोग साफ नजर आ रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं। यह चुप्पी मिलीभगत की तरफ इशारा करती है। क्या सचिवों पर अब अधिकारियों की पकड़ खत्म हो गई है? या फिर इस खेल में अधिकारी भी हिस्सेदार हैं?

### अटैच क्यों नहीं किया जाता?

यदि मंगलेश्वर सिंह वास्तव में बीमार हैं, तो उन्हें जनपद कार्यालय में अटैच क्यों नहीं किया जाता, इससे कम से कम पंचायतों के काम तो रुकेंगे नहीं, लेकिन यहां तो लगता है प्रशासन जानबूझकर सचिव को खुली छूट दे रहा है ताकि नियमों का मजाक बन सके और गरीब ग्रामीण भटकते रहें। एक तरफ शासन पारदर्शिता और जवाबदेही की बात करता है, दूसरी ओर जिला पंचायत के आदेशों को सचिव वर्ग और अधिकारी मिलकर धता बता रहे हैं। ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई से आने वाले फंड का उपयोग योजनाओं में होना चाहिए, लेकिन सचिव और अधिकारियों की मिलीभगत से विकास की गाड़ी वहीं खड़ी है।

### तय हो जिम्मेदारों की जवाबदेही

यह मामला अब केवल स्थानांतरण या मेडिकल का नहीं रहा, बल्कि सीधे-सीधे भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक मिलीभगत का है। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को चाहिए कि तुरंत जांच कर कार्रवाई करें, अन्यथा यह संदेश जाएगा कि सचिव वर्ग प्रशासन से ऊपर है और नियम-कानून सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। ऐसे सचिवों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आगे कोई भी कर्मचारी मेडिकल का सहारा लेकर आदेशों की धज्जियां उड़ाने की हिम्मत न करे। मंगलेश्वर सिंह का मामला केवल टिहकी और हिडवाह का नहीं, बल्कि पूरे जिले की पंचायत व्यवस्था की साख पर सवाल है।

### इनका कहना है...

इस मामले में जब जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी जैन से बात करने का प्रयास किया गया तो, उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



## मानव-हाथी द्वंद निवारण हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न





**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, ताला (उमरिया) में मानव-हाथी द्वंद निवारण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ -इंडिया सहित विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों एवं एनजीओ समूह, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-इंडिया, डब्ल्यूसीटी, डब्ल्यूटीआई, टीएनसी, टीसीएफ, टीएलडब्ल्यू के विशेषज्ञों ने सोलर फेंसिंग, एलिफेंट-प्रूफ ट्रेंच, फ्लिकर लाइट, अर्ली वार्निंग सिस्टम, ट्रिप अलार्म, गजरक्षक एप, प्राइमरी रिस्पांस टीम, ग्राम रक्षक, मेरी बीट मेरा अभिमान, ग्रामों में जन जागरूकता अभियान तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे नवीन उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही हाथियों के लैंडस्केप,हैबिटैट और कॉरिडोर संरक्षण तथा ग्रामीण समुदाय की सुरक्षा हेतु आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारियों ने हाथियों के व्यवहार, फसल प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशनों और तकनीकी चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए।पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से द्वंद प्रबंधन और अधिक प्रभावी हो सकता है।कार्यक्रम बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के क्षेत्र संचालक डॉ.अनुपम सहाय के मार्गदर्शन एवं उपसंचालक विवेक सिंह के निर्देशन में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारियों एवं वनकर्मियों के समन्वय से संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. अनुपम सहाय ने किया। उन्होंने उमरिया जिले में मानव-हाथी द्वंद की स्थिति, उसके प्रभाव तथा विभाग द्वारा तैयार द्वंद निवारण मैनुअल की जानकारी दी। इस अवसर पर सीसीएफ रीवा राजेश राय, संजय टाइगर रिज़र्व के क्षेत्र संचालक अमित कुमार दुबे, बीटीआर के क्षेत्र संचालक डॉ.अनुपम सहाय,कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू, बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व वन मंडल अधिकारी विवेक सिंह, वन मंडल अधिकारी दक्षिण शहडोल श्रद्धा पन्द्रे, तथा वन विकास निगम के संभागीय प्रबंधक अमित पटौदी सहित 90 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी व विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## स्कूलों में वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न

# विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

### हॉकी एस्ट्रोटर्फ के लिए शासन को 12.30 करोड़ का प्रस्ताव प्रेषित




**उमरिया।** म.प्र. शासन खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश से प्राप्त निर्देशानुसार मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस व राष्ट्रीय खेल दिवस



पर विभिन्न खेलों का आयोजन सम्पूर्ण म.प्र. में किए जा रहें हैं। इसी कड़ी में 30 अगस्त को वाद विवाद भाषण प्रतियोगिता में शा. सज्जन उ.मा.विद्यालय, आर.सी विद्यालय, सेन्ट्रल अकादमी, हंसवाहिनी स्कूल, शा.कालरी बालक तथा शा. कन्या उ.मा. विद्यालय ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आर.सी.उ.मा.विद्यालय की कु.आर्या तिवारी ने प्रथम, अल्फिसा फातिमा ने द्वितीय तथा शा. सज्जन उ.मा.विद्यालय कि छात्रा कु. पूनम तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी विजेताओं के साथ- साथ भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक कि भूमिका श्री धनेश्वर जितेन्द्र कुर्मी,श्री वैभव भट्ट,श्रीमती रूपा घोष,ओमश्वरी मार्को ने पूरी की तथा शा. सज्जन उ.मा.विद्यालय के मुकेश झारिया, खेल और युवा कल्याण विभाग से संजय सिंह, श्री प्रवीण पसेरिया, पवन कुमार शा.बालक कालरी उ.मा. विद्यालय से शिवप्रताप पाल व राष्ट्रीय खिलाड़ी आकाश बर्मन उपस्थित रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस जो कि मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस पर मनाया जाता है व भारत का सबसे बड़ा खेल पुरुस्कार भी ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार है जिसमें खिलाड़ी को 25 लाख रूपए की राशि भारत सरकार के द्वारा प्रदान की जाती है।खेलों से जुडक़र छात्र-छात्राएं विश्व खेल पटल में अपना तथा अपने देश प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उमरिया में हाकी का भविष्य उज्वल है खेल विभाग द्वारा खिलाडिय़ों को बेहतर खेल सुविधा प्रदान करने के लिये 12.30 करोड़ का हाकी एस्टोटर्फ का प्रस्ताव म.प्र. शासन की स्वीकृति हेतु भेजा गया है जो बड़ी सौगात उमरिया के लिये होगी।इन खेल प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त भी आप प्रतिदिन खेल विभाग के प्रशिक्षण केन्द्रों में निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।प्राचार्य ने कहा कि जिस प्रकार कोरोना काल में लोगों ने खेलों तथा योग से जुडक़र अपने आप का बचाव किया उसी प्रकार खेलों को अपनाकर छात्र/छात्रायें स्वस्थ, प्रसन्न और दीर्घायु प्राप्त कर सकते हैं, तथा रोजगार से भी जुड़ा जा सकता है। निश्चित ही खेल तन को स्वस्थ रखने का साथ ही मन को उज्जवल करने में भी मदद करता है।

### सीईओ ने देवगवां खुर्द में आयोजित आधार कैंप का किया निरीक्षण

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने देवगवांखुर्द में आयोजित आधार कैंप का औचक रूप से निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । भ्रमण के दौरान उन्होने आधार आपरेटर व्दारा आधार बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन भी किया । उन्होने कहा कि आधार से संबंधित समस्त कार्यो को समय सीमा में किया जाए, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरपवाही नही बरती जाए। भ्रमण के दौरान अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।



## फरार हमलावर बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे



**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** नगर के व्यापारी संजीव बरसैया एवं वीरेंद्र दीवान पर कार सवार बदमाशों के द्वारा हमला कर फरार हो जाने के मामले में पुलिस ने शहडोल एवं उमरिया जिले मे जाकर आरोपियों की तलाश करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। तीन आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी को लेकर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले को लेकर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने बताया की संजीव बरसैया निवासी वार्ड 3 पुराना अस्पताल एवं वीरेंद्र दीवान निवासी पुरानी बस्ती वार्ड 5 दो पहिया वाहन से जा रहे थे इसी दौरान बनिया टोला के पास वाहन क्रमांक एमपी 18बीबी 2803 में शहबाज खान 35 वर्ष पिता शहंशाह पाली रोड सोहागपुर, महफूज अंसारी 25 पिता नसीर अंसारी निवासी चंदनिया थाना पाली जिला उमरिया एवं विकास तिवारी 24 वर्ष पिता रामेश्वर तिवारी बोडरी थाना सिंहपुर से कट मारने को लेकर विवाद होने पर लाठी डंडा व हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाया गया था। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल से शहडोल तक के टोल प्लाजा में लगे आधा दर्जन से ज्यादा कैमरो की जांच के बाद आरोपियों की पहचान कर पाई थी। जिन्हें गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में रामखेलावन यादव, दिनेश राठौर, जितेंद्र मंडलोई सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## मंदिर के थाली चोर चचाई पुलिस की गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** 27 अगस्त को फरियादी मनीष तिवारी पिता स्व. तेजभान तिवारी उम्र 35 साल निवासी अमलाई के द्वारा थाने में रिपोर्ट किया कि 11 मुखी हनुमान मंदिर डूंगरिया टोला में सह व्यवस्थापक हूं। 26 अगस्त को दोपहर में पुजारी मंदिर में ताला बंद कर भोजन करने घर गया था इस दौरान दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा हनुमान मंदिर के अंदर घुसकर मंदिर में रखा पूजा की दो कांसे की थाली, एक स्टील की थाली तथा एक तांबे का लोटा एवं नगदी कुल कीमती करीबन 6000 रूपये चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर थाना चचाई के अपराध क्रमांक 232/25 धारा 331 (3), 305( ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया



दौरान विवेचना सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेहियों से पूछताछ किया गया तो आरोपी शिवा सिंह पिता वासुदेव उम्र 25 साल निवासी बसंतपुर दफाई अमलाई एवं बैजू कुमार ग्वाल पिता हरिप्रसाद ग्वाल उम्र 40 साल निवासी चीफ हाउस कॉलोनी अमलाई से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपियों से चोरी के दो कांसे की थाली, एक स्टील की थाली एवं एक तांबे का लोटा कुल कीमती 5500 जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी शिवा सिंह पूर्व में भी राजेंद्र ग्राम थाना अंतर्गत चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चचाई सुन्द्रेश सिंह, स. उ. निरी. प्यारेलाल सिंह, महिपाल प्रजापति, नागेश सिंह, प्रधान आरक्षक विकास, मोहन सिंह आरक्षक राकेश द्विवेदी, विवेक मिश्रा, नितेश साहू नत्थू मौरे की महत्वपूर्ण कर रही।

## खबर संक्षेप

**आज मनाया जाएगा विमुक्ति दिवस**

**शहडोल।** विमुक्ति दिवस के अवसर पर 31 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास कोनी, शहडोल में विमुक्ति दिवस मनाया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदाय के लोगों के लिए शासकीय विभागों द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

**छात्रों की समग्र आईडी बनाने पत्र जारी**

**शहडोल।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र अमरनाथ सिंह ने बताया है कि सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में विद्यार्थियों के गणवेश की राशि उनके खाते में अंतरित की जाएगी। आपनें जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियो से कहा है कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को गणवेश की राशि विद्यार्थियों, पालकों के खाते में सितम्बर के प्रथम सप्ताह में जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक एवं नगरीय क्षेत्र में संबंधित शाखा को निर्देशित करने का कष्ट करें कि छात्रों की समग्र आईडी बनाने का कार्य शीघ्रता से पूरा करें, जिससे छात्रों के खातो का सत्यापन किया जा सके।

**रीवा-ब्यौहारी-टेटका मार्ग पर टोल वसूली प्रारंभ**

**शहडोल।** संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश सडक विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक ने बताया कि नवनिर्मित सडक रीवा-ब्यौहारी-टेटका मार्ग में प्रावधानानुसार म.प्र. सडक विकास निगम द्वारा मार्ग के किमी. 70.250 ग्राम-मऊ एवं किमी 106.300 ग्राम-करकी में निर्मित टोल प्लाजा के माध्यम से मप्र शासन की यूजर फ्री योजना अंतर्गत स्वीकृत दरों पर टोल वसूली प्रारम्भ कर दिया गया है।

### रोजगार मेले में 313 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में गुरूवार को विशाल 'युवा संगम' रोजगार/स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप मेले का सफल आयोजन किया गया। इस संयुक्त आयोजन में जिला रोजगार विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई कटनी ने मिलकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस मेले में कुल 14 कंपनियों ने भाग लिया। जिसके लिए कुल 453 आवेदकों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 313 आवेदकों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। रोजगार के साथ-साथ, मेले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी द्वारा 1 करोड़ 34 लाख 50 हजार रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त मेले में जिला शासकीय चिकित्सालय कटनी की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी श्री डी.के. पासी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति चौहान, जिला चिकित्सालय काउंसलर माधुरी शिवहरे, प्राचार्य आईटीआई कटनी शरद कुमार पांडे, प्राचार्य तिलक महाविद्यालय सुनील बाजपेई और प्राचार्य पॉलीटेक्निक नरेंद्र कुमार बड़खेंड़कर उपस्थित रहे।

**संचार संकर्म समिति की बैठक 10 सितंबर को**

**कटनी।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी द्वारा संचार संकर्म समिति की समीक्षा बैठक 10 सितंबर को जिला पंचायत कटनी के सभागार में दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा किये गये विभिन्न निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की जायेगी। बैठक के दौरान संचार संकर्म समिति के सदस्यों के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की जानकारी के साथ उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### जिला एवं विकासखंड स्तर पर होंगी विभिन्न खेल प्रतियोगितायें

**कटनी।** खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय द्वारा जिले में 29 अगस्त से 31 अगस्त के बीच खेल कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला और विकासखंड स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत 29 अगस्त को फोरेस्टर खेल मैदान में होगी।

# रेल मंत्रालय, केन्द्र व डीआरएम, एसईसीआर रेल मंडल द्वारा समाजसेवी रोहिणी प्रसाद गर्ग के सार्थक पहल से यात्री सुविधाओं की मिली सौगात

रेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं डी.आर.एम., एस.ई.सी.आर. रेल मंडल बिलासपुर द्वारा रेल्वे स्टेशन बुढ़ार के प्लेटफॉर्म का समतलीकरण, छावनी (शेड) का विस्तार तथा कोच डिस्प्ले सहित अन्य सुविधाओं की सौगात अर्जित करा दी गई है, जिसका लाभ आनें वाले समय में यात्रियों को अर्जित हो सकेगा।






बुढ़ार।

रेल्वे स्टेशन बुढ़ार में यात्री सुविधाओं के विस्तार की इस न्याय संगत मांग की सौगात अर्जित करानें में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करनें वाले नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक रोहिणी प्रसाद गर्ग के सार्थक पहल से नागरिकों की आशाओं के अनुरूप मिल सकी है और यह सौगात रेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं डी.आर.एम.एस.ई.सी.आर.रेल मंडल बिलासपुर द्वारा नगर समस्या निदानार्थ नागरिक समिति के सदस्य हैसियत से उनके द्वारा विगत 20 जुलाई 2025 को ऑनलाइन मांग सम्प्रेसित की गई थी, जिनमें - बुढ़ार नगर के अतिमहत्वपूर्ण रेल्वे स्टेशन में यात्रियों को अपनें गन्तव्य हेतु कोच डिस्प्ले की सुविधा अर्जित करवाये जानें तथा प्लेटफार्म 1 एवं 2 का समतलीकरण करानें तथा स्टेशन के दोनों ओर छावनी (शेड) का विस्तार तथा दोनों प्लेटफार्मों में विद्युत की समुचित व्यवस्था एवं स्टेशन पहुंच मार्ग में अवरोधक लगे खंभों को हटाने से युक्त मांग थी, जिसे 20 अगस्त को सी.पी. ग्राम्स पोर्टल में भी दर्ज करावायी गई थी, जिसपर वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक एस.ई.सी.आर. बिलासपुर मंनेभ कुमार के द्वारा 26 अगस्त 2025 को हस्ताक्षरित सम्प्रेसित किये गये पत्र के हवाले से उपरोक्त सभी मांगों कों पूर्ण करानें आश्वस्त कराया गया है। वाणिज्यिक प्रबंधक एस.ई.सी.आर. बिलासपुर नें मांगों से संदर्भित मांग पत्र पर यह आश्वस्त कराया गया है कि - बुढार रेल्वे स्टेशन में डिस्प्ले बोर्ड लगवाये जानें का का कार्य स्वीकृत है, उसमें आगे की कार्यवाही की जा रही है वहीं प्लेटफार्म को समतलीकरण कराये जानें व एक समान निर्मित करानें संबंधी कार्य के लिए निविदा की प्रक्रिया 20 अगस्त 2025 को पूर्ण कर ली गई है शीघ्र ही जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा। छावनी (शेड) के कार्य हेतु रेल्वे महाप्रबंधक से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिसमें आगे की प्रक्रिया अपनायी जा रही है, वहीं स्टेशन उन्नयन कार्य में आनें वाले समय में विद्युत व्यवस्था को पूर्ण कराया जायेगा, तथा आवागमन मार्ग में लगे खंभों को निकालने के लिए इंजीनियरिंग विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है यद्यपि इस मांग के संबंध में माननीय न्यायालय के आदेशानुसार गत 27 अगस्त को लगे लोहे के अवरोधक खंभे को हटवाया जा चुका है। यात्री हित में की गई यह सार्थक पहल का क्षेत्रिय जनों नें स्वागत किया है।

# गोल बाजार और हनुमान मंदिर में अलग-अलग रात चोरी, व्यापारी व श्रद्धालु दहशत में

धनपुरी।

नगर में लगातार चोरी की घटनाओं से व्यापारी और श्रद्धालु दोनों ही असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 28 अगस्त की रात गोलबाजार स्थित दो दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया। राजेंद्र जनरल स्टोर (संचालक भोला राय) की दुकान के पीछे की स्वेस्टर सीट (टीन) तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने गल्ला पेटी में रखे लगभग 15 हजार रुपए नगद उड़ा लिए। इसी दौरान पास ही स्थित मूला जसवानी की गल्ला दुकान में भी छत कि टीन तोड़कर अंदर प्रवेश किया जहां से गल्ले में रखे सिक्के व चिल्लर लेकर चोर फरार हो गए। इसके दो दिन बाद, 30 अगस्त की रात वार्ड नंबर 3 धनपुरी स्थित हनुमान मंदिर को भी चोरों ने नहीं छोड़ा। मंदिर में लोहे की जंजीर फसी दान पेटी का कुंदा तोड़कर उसमें जमा हजारों रुपए उड़ा दिए गए। उल्लेखनीय है कि यह मंदिर थाना बुढ़ार क्षेत्र में आता है। यहां हर शनिवार को राजा पाल पिंटू व वार्डवासियों के सहयोग से भंडारा आयोजित होता है और बजरंग संघ द्वारा गीता पाठ कराया जाता है। दान पेटी में जमा राशि का उपयोग इन्हीं धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में होता था। लगातार दोहराई जा रही इन वारदातों से व्यापारी वर्ग और श्रद्धालुओं में गहरी नाराजगी है। खासकर व्यापारियों का कहना है कि लगभग छह माह पूर्व भी भोला राय की दुकान पर चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस आज तक चोरों तक नहीं पहुँच सकी। अब फिर से उसी दुकान पर चोरी हो जाना पुलिस की नाकामी को उजागर करता है। घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच की, फिंगरप्रिंट उठाए और सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल अज्ञात चोरों की तलाश जारी है, मगर नगरवासियों का कहना है कि पुलिस की ढिलाई से चोरों का मनोबल दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

**गोलबाजार में एक ही रात दो दुकानों पर चोरी**

वहीं दूसरी ओर नगर के व्यस्ततम क्षेत्र गोलबाजार में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो दुकानों को निशाना बनाया। पहली घटना राजेंद्र जनरल स्टोर में घटी, जो संचालक भोला राय की है। दुकान गोलबाजार स्थित क्रेडिट सोसायटी के बगल में संचालित है। जानकारी के अनुसार 28 तारीख की दरयानी रात चोरों ने दुकान के पीछे की स्वेस्टर सीट (टीन) तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद गल्ला पेटी को तोड़कर उसमें रखे करीब 15 हजार रुपए नगद चंपत कर दिए। यह नगद राशि व्यापारी द्वारा लेन-देन के लिए रखी गई थी। इसी दौरान चोरों ने पास ही स्थित भोला जसवानी की किराना दुकान को भी नहीं बख्शा। यहाँ भी पीछे की सीट तोड़कर अंदर घुसे और गल्ला में रखे सिक्के व चिल्लर लेकर फरार हो गए।



# माँ का अपमान कांग्रेस की पहचान: अमिता चपरा

## प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा का हल्ला बोल आज

**शहडोल।** बिहार में कांग्रेस-आरजेडी की रैली के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता जी के लिए अभद्र टिप्पणी किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में गुस्सा उबाल पर है। शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल निलय में जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की अध्यक्षता में आपात बैठक हुई। जिला अध्यक्ष ने कहा मां सदा पूजनीय होती है, उसका अपमान पूरे समाज की मर्यादा पर प्रहार है। कांग्रेस-राजद की यह घृणित राजनीति उनका नैतिक पतन दर्शाती है। भाजपा महिला मोर्चा रविवार 31 अगस्त को शाम 4 बजे न्यू गांधी चौक में हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन करेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में सुशील शर्मा, भूपेंद्र मिश्रा, संतोष लोहानी, मनोज आर्मो, मनोज गुप्ता, राकेश सोनी, प्रियम त्रिपाठी, अमित मिश्रा, अमित गुप्ता बंटी, आदित्य चपरा, नीलम चतुर्वेदी, कल्याणी बाजपेई, सरिता शर्मा, बेला राठौर, रचना श्रीवास्तव समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 16 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

शहडोल।

जिले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना देवलौंद और थाना बुढ़ार पुलिस ने 27 और 28 अगस्त 2025 को दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से स्थायी वारंटी के रूप में फरार चल रहे थे।

दोनों मामलों में पुलिस की सक्रियता और लगातार की गई कार्रवाई ने अपराधियों पर सख्ती का स्पष्ट संदेश दिया है।

**थाना देवलौंद की कार्रवाई**

थाना देवलौंद पुलिस ने 27 अगस्त 2025 को 16 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी आरोपी अशोक कोल पुत्र चरका कोल, निवासी ग्राम नादो (लोटनी टोला) को गिरफ्तार किया। आरोपी पर गंभीर चोट पहुँचाने, हमला करने, मारपीट करने और विस्फोटक पदार्थों का इस्तेमाल कर संपत्ति को नुकसान पहुँचाने जैसे अपराध पंजीबद्ध थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। देवलौंद पुलिस द्वारा लंबे समय से आरोपी की तलाश जारी थी और अंततः वारंट तामील की कार्रवाई के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुभाष दूबे, प्रधान आरक्षक सुमित मिश्रा, आरक्षक अभिषेक तिवारी, आदित्य सिंह, ओमप्रकाश तिवारी और चिंतामणि शुक्ला की अहम भूमिका रही।

**थाना बुढ़ार की कार्रवाई**

दूसरी बड़ी सफलता थाना बुढ़ार पुलिस को मिली, यहां 28 अगस्त 2025 को फरार स्थायी वारंटी आरोपी शकील पुत्र शमसुल हसन, निवासी करली (जिला कौशांबी, उत्तर प्रदेश) हाल निवासी झौरी, शहडोल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर पशु क्रूरता का प्रकरण दर्ज था और वह भी वर्षों से फरार चल रहा था। बुढ़ार पुलिस की टीम ने लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दी और अंततः वारंट तामील की कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय जायसवाल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रविकांत संत तथा आरक्षक गोपाल की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की टीम लगातार ऐसे स्थायी वारंटियों की तलाश कर रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# मां ज्वालामुखी के दरबार में नतमस्तक हुए WCL के नव चयनित DT परांजपे





धनपुरी।

सोहागपुर एरिया के नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक एवं हाल ही में WCL के निदेशक तकनीकी (DT) पद पर चयनित श्री संदीप परांजपे साहब ने आज प्रातः मां ज्वालामुखी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा-अर्चना कर माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री परांजपे के साथ सोहागपुर एरिया के सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे। दर्शन उपरांत उन्होंने पूरे ज्वालामुखी परिसर व लक्ष्मी नारायण मंदिर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। दर्शन के दौरान मां ज्वालामुखी मंदिर समिति से महेंद्र सिंह पवार (अध्यक्ष, हिन्दू जन जागरण समिति धनपुरी), समिति सदस्य एडवोकेट राम पूरन लोधी, आकाश मिश्रा उपस्थित रहे। मंदिर के मुख्य पुजारी ने परांजपे साहब को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर प्रसाद भेंट किया और उनके उत्तरोत्तर प्रगति की प्रार्थना की। चर्चा के दौरान समिति सदस्य महेंद्र सिंह पवार ने माता रानी की महिमा का उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व में भी इस दरबार में माथा टेकने वाले कई दिग्गज अधिकारी, जैसे कि पूर्व सब एरिया मैनेजर थापर साहब, पान साहब, सिन्हा साहब, दिक्षित साहब तथा पूर्व सीएमडी मिश्रा साहब ने मां ज्वालामुखी के चरणों में आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद एसईसीएल के सर्वोच्च पद 'सीएमडी' तक का सफर तय किया था।

उन्होंने कहा कि मां ज्वालामुखी की कृपा अनंत है, और यहां आने वाला हर श्रद्धालु अपने जीवन में सफलता की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करता है।

# खेलों से मानसिक एवं शारीरिक क्षमता होती है मजबूत: सांसद

## शतरंज खेल ध्यान को करता है केंद्रित: विधायक संभाग स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता हुई आयोजित

शहडोल।

**रेलवे सामुदायिक भवन में सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह एवं विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने संभाग स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शतरंज खेल चयन प्रतियोगिता को सम्बोंधित करते हुए सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि खेल-खेलने से मानसिक, शारीरिक क्षमता मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि खिलाडियो को खेल प्रतियोगिताओ को खेल भावना से खेलना चाहिए।**



सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने संभाग से आए खिलाडियों से रूबरू चर्चा कर उन्हें खेल के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर अपने जिला तथा प्रदेश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के प्रयासों से शिक्षा की तरह खेल गतिविधियों का भी प्रसार हुआ है। छोटे-छोटे बच्चे खेलो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बदलते भारत की तस्वीर है। विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने शतरंग का खेल शारीरिक क्षमता का नही है, यह सिर्फ दिमागी खेल है, जो ध्यान को केंद्रित करता है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है। खेल से भाईचारा और सामाजिक एकता का विकास होता है। सभी खिलाड़ी गहन अभ्यास करके अपनी प्रतिभा में निखार लाएं। केन्द्र एवं राज्य सरकार सहयोग देने के लिए तत्पर है। चयन प्रतियोगिता में संभाग के तीनों जिले के 75 खिलाडियों ने भाग लिया। जिनमें से 25 खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक संचालक खेल रईस अहमद, जिला खेल अधिकारी रामरूद्र पटेल, खेल अधिकारी सुदर्शन मिश्रा, उमरिया से आए खेल अधिकारी, रहीम खान, राजेश्वर उदानिया, गोपाल रत्नम, भूपेन्द्र मिश्रा, संतोष लोहानी, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शानउल्लाखान, स्वप्निल मिश्रा, कोच श्रीदेवी स्वामी, रतन सिंह ठाकुर, कल्पना आहिरवार, धीरेन्द्र सिंह, प्रशांत नामदेव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी लोग उपस्थित रहें।



# जैविक सब्जी उत्पादन और नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण परीक्षा संपन्न

**शहडोल।** सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शहडोल में मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित संस्था के संचालक संजय पुंडलिक द्वारा जिले के विकासखंड सोहागपुर बुढार जय सिंह नगर एवं व्यौहारी तथा गोहपारू के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली स्व सहायता समूह की 32 महिलाओं को 12दिवसीय जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात ओम प्रकाश चतुर्वेदी परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमाणीकरण रूडसेटी भारत सरकार भोपाल के निर्देशन में सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन से संबंधित परीक्षा परीक्षक राम सुख दुबे कटनी एवं बैंकिंग से संबंधित परीक्षा परीक्षक पवन कुमार पांडे शहडोल द्वारा लिखित एवं मौखिक ली गई। परीक्षा में नर्सरी प्रबंधन विभिन्न सब्जियों के बीज एवं किस्म की जानकारी सब्जी उत्पादन के फायदे सब्जियों में लगने वाले कीट एवं रोग तथा उनके नियंत्रण की जैविक विधियां मिट्टी परीक्षण जैविक खाद एवं कीटनाशक का निर्माण एवं फसलों में उपयोग मल्चिंग प्लास्टिक मल्चिंग सिंचाई प्रबंधन के अंतर्गत स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई पाली हाउस तथा बैंकिंग के अंतर्गत उद्यमशील व्यक्तियों की विशेषताएं बैंकों में विभिन्न प्रकार के खाते बीमा योजना तथा बैंकिंग से संबंधित विषयों का मूल्यांकन किया गया।

**खबर संक्षेप**

## कन्हैया लाल मिश्रा बने भगवा पार्टी के नए जिलाध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने जिले के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करते हुए कन्हैया लाल मिश्रा को अनूपपुर जिले का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव मुरारी लाल पाण्डेय की सहमति और राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकान्त शुक्ला के निर्देश पर की गई। कन्हैया लाल मिश्रा लंबे समय से सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने में लगातार प्रयासरत रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि उनके नेतृत्व से जिले में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और पार्टी के जनाधार का और अधिक विस्तार होगा।

## मेंटीनेंस के कारण आज 4 घंटे रहेगी लाइट बंद

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के कोतमा रोड स्थित विद्युत उपकेन्द्र मे 11 केव्ही परसरवार फीडर व 11 केव्ही जमुड़ी फीडर मे ट्रांसफार्मर/लाइन शिफ्टिंग व मेंटीनेंस का कार्य किया जाना है, इसके लिए सुबह 8 से 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त कार्य के दौरान सब स्टेशन से निकलने वाले फीडरों जिसमे अनूपपुर शहर समेत ग्रामीण उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

## सर्पदंश से घायल युवक अस्पताल में भर्ती, हालत खतरे से बाहर

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के सुप्रसिद्ध समोसा व्यवसायी, वार्ड क्रमांक 12 मुख्य मार्ग निवासी नागेश्वर यादव के ज्येष्ठ पुत्र सतीश यादव (20 वर्ष) को शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजे मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होलीडे होम्स में कार्य के दौरान हरे रंग के सर्प ने काट लिया। सतीश यादव, जो होलीडे होम्स में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में वृक्षों की कटाई-छंटाई का कार्य कर रहे थे, तभी एक हरा सर्प वृक्ष से गिरकर उनकी उंगली में काट गया। उपस्थित लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने तुरंत उपचार प्रारंभ किया। चिकित्सक डॉ. रानू प्रताप सारिवाल ने बताया कि सर्प विषैला नहीं था, फिर भी सावधानी के तौर पर सभी आवश्यक उपचार किए गए हैं। उन्होंने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि झाडियों, घास या पेड़ों के आसपास काम करते समय सतर्कता बरतें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पेंशनरों की लंबित न्यायोचित मांगो के शीघ्र निराकरण के लिए प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिलाध्यक्ष शंभू प्रसाद शर्मा के नेतृत्व मे भारत के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे लेख किया गया कि प्रदेश के 5 लाख पेंशनर्स की ज्वलंत लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में घोर असंतोष व्याप्त है। यहां तक कि केंद्र के समान ना तो महंगाई राहत दी जा रही है और ना ही स्वास्थ्य संबंधी अन्य लाभ दिए जा रहे है। इससे पेंशनर्स का मनोबल गिरा है। पेंशनर्स की न्यायोचित मांग जस की तस है। उन पर कोई विचार नहीं किया गया, पेंशनर्स को लंबित वित्तीय लाभो से वंचित किया जा रहा है।

## जिले में 1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अमरकंटक में 8.2 मिली मीटर

# तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में चल रहा "प्राचार्य खोजो अभियान"

### शिक्षा के मंदिर से ज्यादा "डर का दरबार" बन चुका प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





शासकीय तुलसी महाविद्यालय, जिसे बड़े गर्व से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस कहा जाता है, इस समय अपनी जिम्मेदारियों से ज्यादा विवादों के लिए चर्चा में रहता है।

जिले का यह प्रमुख शैक्षणिक संस्थान इन दिनों पढ़ाई-लिखाई से ज्यादा अफसरों की गैरजिम्मेदारी और स्टाफ के दबदबे के लिए सुर्खियों में है। आज का नज़ारा तो और भी चौंकाने वाला रहा। आरटीआई कार्यकर्ता शिवम पटेल जब यहां सूचना लेने पहुंचे तो उन्हें प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना का कमरा खुला तो मिला, लेकिन कुर्सी सूनी थी। जिम्मेदारी का कोई चेहरा मौजूद नहीं था। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब एक सरकारी कॉलेज में जिम्मेदार अधिकारी की कुर्सी खाली रहे तो छात्रों के भविष्य का क्या होगा? जब उपस्थित शिक्षकों से पूछा गया कि "आज प्रभारी प्राचार्य कौन हैं?" तो किसी के पास जवाब नहीं था। कोई बोला हमें मालूम नहीं, किसी ने बात टाल दी, तो कोई हंसी में उड़ा गया। हिंदी साहित्य विभाग के प्रोफेसर नीरज श्रीवास्तव ने तंज़ कसते हुए कहा "आज के प्राचार्य तो हमारे लैब टेक्नीशियन संतोष कुमार सिंह हैं।" लेकिन खुद संतोष कुमार सिंह ने भी हंसी के साथ साफ कहा "भगवान बचाए, मैं प्राचार्य नहीं हूं।" यही नहीं, वहां मौजूद बाबू तक अनुपस्थित मिले। पूछने पर कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि वे भी यह नहीं जानते कि वर्तमान में प्रभारी कौन है। यह दृश्य किसी कॉलेज का नहीं बल्कि प्रशासनिक मजाक का प्रतीक लग रहा था।

### डर का दरबार बन चुका कॉलेज

सबसे गंभीर बात यह है कि पूरे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना और वनस्पति शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक राधा सिंह का इतना दबदबा है कि बाकी स्टाफ और कर्मचारी इनके नाम से सहम जाते हैं। आरटीआई की रिसीविंग देने तक से लोग डर रहे थे। यह हालत बताती है कि कॉलेज शिक्षा का मंदिर कम और "डर का दरबार" ज्यादा बन चुका है। यह पहला मौका नहीं है जब तुलसी महाविद्यालय सुर्खियों में आया हो। पिछले दिनों भी यह संस्थान अलग-अलग कारणों से विवादों में घिरा रहा है। कभी स्टाफ की मनमानी, कभी छात्रों की शिकायतें, तो कभी प्रशासनिक लापरवाही कृ हर दिन यहां कोई न कोई नया बवाल देखने को मिल ही जाता है। सवाल यह है कि जब यह कॉलेज आए दिन विवादों का गढ़ बना हुआ है, तो आखिर उच्च शिक्षा विभाग क्यों आंख मूंदकर बैठा है? छात्रों और अभिभावकों में गुस्सा है कि जब यह कॉलेज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की मान्यता प्राप्त है, तो यहां जिम्मेदारी और अनुशासन सबसे ऊँचे स्तर पर होना चाहिए, लेकिन हकीकत इसके उलट है।



## महिलाओं ने संतान सप्तमी का व्रत रख की मां गौरी व भगवान शंकर की पूजा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जिला मुख्यालय सहित कोतमा व कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संतान सुख व दीर्घायु के लिए महिलाओं ने संतान सप्तमी का व्रत रखकर पूजा अर्चना की। जिला मुख्यालय सहित कोतमा बिजुरी राजनगर रामनगर भालूमाड़ा जमुना कालरी लहसुई कैंप जैतहरी वेंकटनगर चचाई देवहरा संजयनगर अमलाई बरगवां अमरकंटक राजेंद्र ग्राम मे संतान प्राप्ति, उनकी प्रसन्नता व दीर्घायु की कामना के साथ महिलाओं ने शनिवार को संतान सप्तमी का व्रत रखा और मां गौरी व भगवान शंकर की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। सनातन संस्कृति मे संतान सप्तमी व्रत धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि शनिवार को महिलाओं द्वारा संतान सप्तमी का व्रत रख कर भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना की गई। शनिवार की सुबह संतान सप्तमी के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले ही स्नानादि से निवृत्त होकर घर के सबसे पवित्र स्थान पर चौक सजाकर नारियल आम पत्रों से सुसज्जित कलश स्थापित कर भगवान शिव व माता पार्वती का रोली कुमकुम अक्षत से पूजन की। संतान प्राप्ति, उनकी प्रसन्नता व दीर्घायु के लिए चांदी अथवा सोने से निर्मित चूड़ी दूध, घी, दही, गंगाजल से पवित्र कर महिलाओं द्वारा हाथ में धारण करने के बाद संतान सप्तमी व्रत की कथा सुनी। इसके बाद गुड़ चीनी से मिश्रित सात पुओं का भोग लगाकर उन पुओं का प्रसाद ग्रहण कर महिलाओं ने व्रत तोड़ा।

### अमरकंटक में भी माताओं ने किया पूजन

पवित्र नगरी अमरकंटक में संतान सप्तमी व्रत के अवसर पर माताओं ने श्रद्धापूर्वक व्रत व पूजा-अर्चना की। इस व्रत का उद्देश्य संतान की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करना होता है। माताओं ने भगवान शिव, माता पार्वती और सूर्यदेव का विशेष पूजन किया।

# नौ दिनों से जिले में ताण्डव कर रहा हाथी

## ग्रामीणों के तोड़ रहा मकान, खौफ में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



दो दांत वाला एक नर हाथी नौवे दिन अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम इलाके के ग्रामीण अंचलो में निरंतर विचरण कर रहा है। यह हाथी शुक्रवार को राजेंद्रग्राम के तुलरा बीट के जंगल से शनिवार की सुबह वन परिक्षेत्र अहिरगवा के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है हाथी के द्वारा तीन दिनों के मध्य कई ग्रामों के ग्रामीणो के घरों में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे सामानो के साथ खेत एवं बाडियों में लगे विभिन्न तरह के अनाज को अपना आहार बनाया है वनविभाग का गस्ती दल इस हाथी के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए बचाव के लिए ग्रामीणों को विभिन्न तरह की समझाइए दी। विदित है कि 22 अगस्त को एक दो दांत वाला नर हाथी एक बार फिर से छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से अनूपपुर जिले में प्रवेश कर आज नौ वें दिन निरंतर विचरण कर रहा है यह हाथी गुरुवार को राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र अंतर्गत बेनीवारी बीट ग्राम पंचायत पडरीखार के जंगल में दिन में विश्राम करने बाद देर शाम एवं रात को टिहुनापानी निवासी भान सिंह पिता सुंदर सिंह क्यौटार गांव के धनीराम सिंह एवं दांलचंद पिता धनीराम साहू का घर तोड़कर घर के अन्दर रखे सामग्री को अपना आहार बनाते हुए शुक्रवार की सुबह ग्राम कुसेरा एवं करनपठार से करनपठार गांव से लगे अतरिया एवं बघाड़ी के बीच बीट तुलरा के राजस्व के जंगल में दिन में ठहरने बाद देर शाम एवं रात को करनपठार गांव की बेलाटोला निवासी शुक्लू पिता कातूराम बैगा नगमला के नयाटोला निवासी शंकर पिता कोसी परस्ते के घर में तोड़फोड कर कई ग्रामीणो के खेत तथा बॉडी में लगे विभिन्न प्रकार की फसलों अनाजों को अपना आहार बनाते हुए ग्राम पंचायत चरकूमर से नगमला, बगदरा होकर जोहिला नदी पार कर शनीवार की सुबह वन परिक्षेत्र अहिरगवा की सीमा ग्राम पंचायत सरई एवं खमरौध के बीच कातुनदोना, तरंग में स्थित लेन्टना एवं गढार में पहुंचकर विश्राम कर रहा है। हाथी के निरंतर विचरण पर वनविभाग का गश्ती दल हाथी के निगरानी के साथ ग्रामीणों को विभिन्न तरह की समझाईस देकर सतर्क एवं सावधान रहने की बात की है वही वन एवं राजस्व विभाग द्वारा इस हाथी के द्वारा किए जा रहे ग्रामीण जनों की घरों तथा फसलों के नुकसान का सर्वेक्षण कर प्रकरण तैयार कर रहा है वही हाथी के निरंतर वितरण से ग्रामीण जन परेशान एवं भयभीत हैं जो हाथी के आने तथा आने की संभावना पर रात-रात भर जगा कर अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा कर रहे हैं यह हाथी पूर्व में अपने तीन अन्य साथियों के साथ विचरण किया स्थलों रास्ता से ही आगे की ओर बढ़ रहा है इसका दूसरा एक दांत वाला हाथी छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके में कई दिनों से डेरा जमाए हुए हैं जबकि दो अन्य हाथी कटघोरा वन मंडल में स्थित 50 से अधिक हाथियों के समूह में मिलकर विचरण कर रहे है।

# डीआरएम सभागार में द्वितीय पीएनएम बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल प्रशासन व एकल मान्यता प्राप्त संगठन साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मध्य द्वितीय पीएनएम (स्थाई वार्ता तंत्र ) बैठक 28 व 29 अगस्त को बिलासपुर डीआरएम सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राजमल खोईवाल रहे, पीएनएम बैठक की अध्यक्षता अपर रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन ने की। दो दिवसीय पीएनएम बैठक का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बिलासपुर डा० अंशुमन मिश्रा व मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती रुहिना तौफिल ने किया। बैठक में उपस्थित मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, संयुक्त महामंत्री बी कृष्ण कुमार, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े, आर्बन बैंक के डायरेक्टर आर के यादव सहित बिलासपुर मंडल के सभी शाखा सचिव बैठक में शामिल होकर अपने अपने रेल क्षेत्र की समस्याओं पर व्यापक चर्चा कर निराकरण की मांग की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीआरएम बिलासपुर राजमल खोईवाल ने कहा कि मान्यता प्राप्त संगठन मजदूर कांग्रेस हमें रेल के अंतिम सिरे के रेल कर्मचारियों की समस्याओं को रेल प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बिलासपुर मंडल रेल प्रशासन कर्मचारी के समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीर है। पीएनएम बैठक में 96 मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा कर निम्नलिखित निर्णय लिए गए जिनमें प्रमुख हैं। बिलासपुर रेल मंडल में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों के लिए सभी विभागीय कार्यालय में महिला टायलेट का एक स्पेशल प्रस्ताव बनाकर बजट पास कराया जाएगा। रनिंग कर्मचारियों के लिए 120 साइडिंग भत्ता दिलाने हेतु क्षेत्र चिन्हित कर आदेश जारी किया जाएगा, वेज नानवेज खाने की हेतु अलग अलग किचन बनाकर दोनों व्यवस्था दी जाएगी। ट्रैक मेंटेनर के बचे हुए पेट्रोलिंग बीट को 16 किलोमीटर से 12 किलोमीटर किया जाएगा ट्राफिक असिस्टेंट के खाली पदों को भरा जाएगा, शहडोल, मनेंद्रगढ़ रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में फ्लडलाइट लगाई जाएगी, सिग्नल विभाग में नई भर्ती कर रोस्टर लागू किया जाएगा, शिवप्रसाद नगर स्टेशन सहित अन्य स्टेशन में स्टेशन मास्टर के लिए रेस्ट हाउस की सुविधा दी जाएगी, शहडोल, अनूपपुर सहित सभी जगह कमर्शियल विभाग में 12 घंटे के बजाय 08 घंटे का रोस्टर लागू होगा।



## मृत्युंजय आश्रम में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मां नर्मदा के उद्गम स्थल पावन नगरी अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में राजस्थान प्रांत के धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र की भगवान लोधेश्वर महादेव सेवा समिति, बाड़ी के भक्त-श्रद्धालुओं द्वारा सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है। धौलपुर, राजस्थान के केशव देव शास्त्री व्यास पीठ से रसमय शैली में कथा का वाचन कर भक्तों को श्रीमद् भागवत महापुराण का दिव्य श्रवण कराया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मृत्युंजय आश्रम परिसर से आकर्षक एवं भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं भक्तगण ढोल-ढमाकों, भजन-कीर्तन और नृत्य के साथ मुख्य मार्ग होते हुए पावन सलिला मां नर्मदा के रामघाट तक पहुंचे, जहां मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात शोभायात्रा पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर धौलपुर जिले के बाड़ी क्षेत्र से लगभग 300 श्रद्धालु अमरकंटक पहुंचे हैं, जो सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त कर रहे हैं।



## अमरकंटक जैन मंदिर परिसर के बाहर वाहन पार्किंग की मांग

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक में स्थित जैन मंदिर परिसर के बाहर बने पार्किंग स्थल को लेकर इन दिनों विवाद की स्थिति बनी हुई है। नगर पंचायत अमरकंटक द्वारा हाल ही में आदेश जारी कर मंदिर के समीप स्थित पार्किंग स्थल पर वाहनों के खड़े होने पर रोक लगा दी गई है। इस कारण दूर-दराज़ से आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक वाहन खड़ा करने की समस्या से जूझ रहे हैं। जैन मंदिर मार्ग की सड़क पहले से ही संकरी है। इस वजह से जब श्रद्धालु और पर्यटक वाहन सड़क के दोनों किनारों पर खड़े कर देते हैं, तो आमने-सामने से गुजरने वाले वाहनों को निकलने में काफी कठिनाई होती है। भीड़भाड़ वाले समय पर जाम की स्थिति बन जाती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों ने भी पार्किंग स्थल को पुनः खोलने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत के सीएमओ चैन सिंह परस्ते ने बताया कि पहले इस स्थान पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था थी और शुल्क भी निर्धारित था, किंतु हाल ही में कलेक्टर हर्षल पंचोली के आदेशानुसार इस पार्किंग स्थल को नो पार्किंग ज़ोन घोषित किया गया है। आदेश के अनुसार जैन मंदिर के बाहर पार्किंग पूरी तरह बंद कर दी गई है और आगामी समय में मेला ग्राउंड को वैकल्पिक पार्किंग स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। हालांकि फिलहाल बारिश के कारण मेला ग्राउंड दलदल और कीचड़ से भरा हुआ है, जिससे वाहन आसानी से फंस सकते हैं। यही कारण है कि वैकल्पिक पार्किंग शुरू नहीं हो पा रही है।

# कालरी के लाखों के चोरी का कबाड़ लदा पिकअप कार से टकराया

### कबाड़ चोरी की खुली पोल, कड़ी कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।



जिले के कोयलांचल नगरी में कालरी से लाखों करोड़ों के कबाड़ की चोरी लगातार हो रही है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। जिसका ज्वलंत उदाहरण 30 अगस्त को सुबह करीब 7 बजे बिजुरी कोतमा की ओर से अनूपपुर की ओर जा रही पिकअप एमपी 65 जीए 2265 जिसका चालक कृष्ण पाल सिंह था जो कालरी का कई टन चोरी का बेस कीमती लोहा लेकर अनूपपुर की ओर जा रहा था तभी नेशनल हाईवे 43 बदरा जमुना तिराहा के पास अनूपपुर की ओर से आ रही एक कार एमपी 65 सी 4736 पिकअप कर से टकरा गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि एयरबैग दोनों खुल जाने की वजह से कार चालक को गंभीर चोट नहीं आई इस टक्कर से पिकअप में लदा कबाड़ कुछ गिर गया और कबाड़ चोरों की पोल खुल गई अब देखना या है कि पुलिस क्या कार्यवाही करती है। इससे यह तो पता चल गया कि कबाड़ चोरी का काम जोरों पर चल रहा है यह एक्सीडेंट हो गया तो पता चल गया वरना कितने पिकअप माल प्रतिदिन निकलता है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है हालांकि मौके पर 100 डायल पहुंच चुकी थी।

### गजब का मैनेजमेंट

जानकर हैरानी होगी कि जैसे ही कबाड़ भरा पिकअप कार से टकराया उसके मात्र 10 मिनट बाद ही वहां पर कबाड़ के आदमी और जेसीबी मशीन आई और वह पिकअप को उठाकर ले गई और दूसरी और एक पिकअप भी तुरंत आया जिसमें बचा हुआ कबाड़ कबाड़ चोरों ने तत्काल लादकर वहां से ले गए कहां ले गए। क्या कार्यवाही हुई अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है। उक्त घटना को कई चश्मदीदों ने देखा। चूंकि घटना सुबह की है जानकारी के अनुसार यह कबाड़ किसी अनूपपुर के जानू नामक कबाड़ी के पास जा रहा था। क्षेत्र की जनता ने संबंधित थाना प्रभारी, कालरी के महाप्रबंधक और पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान से इस मामले मे तत्काल कार्यवाही की मांग की है।